an>

Title: Need for reinstallation of pillars and fencing along India-Nepal border.

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज): अध्यक्षा जी, भारत-नेपाल सीमा के सीमांकन के लिए, पत्थर के पिलर लगाए गये थे, लेकिन बहुत से पिलर असामाजिक तत्वों द्वारा उखाड़ दिये गये हैं। इससे दोनों देशों के बीच बसे लोगों में भूमि विवाद की समस्या आ रही है। भारत की सुरक्षा के लिए, नेपाल सीमा पर सुरक्षा के इंतजाम किये गये हैं, लेकिन फिर भी आपराधिक गतिविधियों को नियंत्रित करने में कठिनाइयां आ रही हैं। दोनों देशों के मध्य सामाजिक एवं सांस्कृतिक संबंध काफी गहरे हैं। भारत की सुरक्षा एवं सीमांकन के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि जहां पिलर तोड़े गये हैं, वहां नये पिलर लगाए जाएं। बोर्डर के खुले होने के कारण आपराधिक तत्वों की घुसपैठ होती है, इसलिए कंटीले तारों से उसे घेरा जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री निशिकांत दुबे एवं

श्री दहन मिश्रा जी को पंकज चौधरी जी के विषय के साथ सम्बद्ध किया जाता है।